मॉडल प्रश्न–पत्र–II

कक्षा – बारहवीं

विषय – गृह विज्ञान

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। इसके लिए कुल 15 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 14 और 15 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 16 और 17 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 18 और 19 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 6 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 1. **(अ) सही विकल्पों का चुनाव कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) कार्य नीति का अर्थ है–

(अ) नैतिकता (ब) दक्षता

(स) योग्यता (द) न्यायप्रियता

(2) कलियाँ

(अ) अनाज (ब) हमेशा हरे रहने वाले पौधे

(स) दाल (द) कांटे

(3) फल और सब्जियाँ किस तापक्रम पर ताजा बने रहते हैं–

(अ) मध्यम (ब) कम

(स) उच्च (द) इनमें से कोई नहीं

(4) बच्चा बिस्तर गीला करता है क्योंकि वह–

(अ) ऊबा हुआ है (ब) असुरक्षित है

(स) भयभीत है (द) ध्यान आकर्षित करना चाहता है

(5) लड़कियों में यौवन का पहला चिन्ह है–

(अ) जांघ क्षेत्र में बालों का उगना (ब) स्तनों का उभार

(स) मासिक धर्म का शुरूवात (द) स्वप्न दोष

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 5 = 5)

(1) वस्त्र किसी .... का एक टुकड़ा है।

(2) वह परिसज्जा जो हर धुलाई के बाद दी जाती है उसे .... कहते हैं।

(3) एक ग्राम शर्करा से .... किलो कैलोरी ऊर्जा मिलती है।

(4) जब भोजन को गर्म तेल में डुबा कर पकाते हैं तो इसे .... कहते हैं।

(5) खाता धारक के मरणोपरांत जमा की गई राशि का उत्तराधिकारी .... होता है।

(स) सत्य/असत्य लिखिए– (1 × 5 = 5)

(1) योग्यता मानवीय साधन है।

(2) केवल बिजली के उपकरण श्रम की बचत करते हैं।

(3) बच्चे उपभोक्ता नहीं होते।

(4) आत्मविश्वासी माता–पिता के बच्चे भी आत्मविश्वासी होते हैं।

(5) किशोरों में आत्मघाती प्रवृत्ति विकसित होने का कारण अकेलापन है।

प्रश्न 2. स्वरोजगार एवं वैतनिक रोजगार के दो उदाहरण लिखिए। (1+1)

प्रश्न 3. संयुक्त परिवार के बच्चों में विकसित दो विशेषताएँ लिखिए। (1+1)

प्रश्न 4. संतुलित आहार किसे कहते हैं ? (2)

प्रश्न 5. बचत किसे कहते हैं ? (2)

प्रश्न 6. भूमंडलीय ताप वृद्धि के दो कारण लिखिए। (1+1)

प्रश्न 7. धुलाई की दो विधियाँ लिखिए। (1+1)

प्रश्न 8. भोजन पकाने के कोई तीन कारण लिखिए। (1+1+1)

प्रश्न 9. घर पर बिजली के उपकरणों का प्रयोग करते समय ध्यान में रखे जाने वाले तीन बिन्दुओं के विषय में लिखिए। (3)

प्रश्न 10. किशोरावस्था में मित्रों तथा हम उम्रों की विवेचना कीजिए। (3)

प्रश्न 11. बाल श्रम की परिभाषा दीजिए। और इसके कोई दो कारणों को लिखिए। (1+2)

प्रश्न 12. मानव निर्मित तंतु क्या है औरर इसके कोई दो प्रकारों का वर्णन कीजिए। (1+2)

प्रश्न 13. गर्मियों के लिए प्रयुक्त वस्त्र का नाम और उसकी महत्वपूर्ण विशेषताए बताइए। (3)

प्रश्न 14. किन्हीं चार व्यंजन को लिखिए जिनसे बचे हुये भोजन बनाये जा सकते हैं। (1+1+1+1)

अथवा

भोजन को तलते समय चार सावधानियों की सूची बनाइये।

प्रश्न 15. अक्षय ऊर्जा स्रोतों के चार लाभ बताइये। (1+1+1+1)

अथवा

घर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए चार सुझाव लिखिए।

प्रश्न 16. (1) आहार में परिमाणात्मक संशोधन। (2½+2½)

(2) भोजन प्रतिस्थापन।

अथवा

(1) सामान्य आहार।

(2) उपचारात्मक आहार।

प्रश्न 17. एक 10 वर्षीय बच्चें के भाषा विकास की व्याख्या कीजिए। (5)

अथवा

एक 8 वर्ष के बच्चे की सामाजिक, संवेगात्मक विकास की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 18. थकान के प्रकार बताकर, उसके चार तरीके बताइए। (1+5)

अथवा

स्थान प्रबंधन से आप क्या समझते हैं ? इसके पाँच महत्व को लिखिए।

प्रश्न 19. निम्नलिखित बुनाई को समझाइये– (2+2+2)

(1) बिना बुने वस्त्र

(2) ब्रेडेड वस्त्र

(3) नेट।

अथवा

(1) लेस

(2) रिब बुनाई

(3) बॉस्केट बुनाई।